बरेली, गुरुवार
3 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

**PAGE NO IV : MIDDLE**

## एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मनाया डाक्टर्स डे

**बरेली :** पंजाब नेशनल बैंक की एसआरएमएस शाखा की ओर से एसआरएमएस मेडिकल कालेज मे डाक्टर्स डे मनाया गया। पीएनबी की मार्केटिंग टीम ने सैलरी अकाउंट, होम लोन और अन्य बैंक उत्पादों की जानकारी दी। डाक्टरों की ओर से दी जा रहीं चिकित्सीय सेवाओं की सराहना की। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा . एमएस बटोला को पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे ने गणेश जी की मूर्ति, शाल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक का समापन केक काटकर व डाक्टरों को



डाक्टर्स डे पर डाक्टर को उपहार देते एसआरएमएस के प्रिंसिपल डा . एमएस बटोला ● सौ. बैंक

उपहार भेंट कर किया गया। इस दौरान बैंक शाखा प्रमुख अंकित भारद्वाज, संघरतन गौतम, शशांक सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे। वि .